देश में काजीरंगा और अन्य अभयारण्यों में वन्य पशुओं की घटती जा रही संख्या

2656. श्री विश्वासराव रामराव पाटिल : क्या **पर्यावरण और वन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश में काजीरंगा और अन्य अभयारण्यों में प्रतिवर्ष वन्य पशुओं की संख्या घटती जा रही है ;

(ख) यदि हां, तो पिछले तीन वर्षों के दौरान वन्य पशुओं की संख्या के संबंध में अभयारण्य-वार ब्यौरा क्या है ; और

(ग) क्या इस स्थिति में सुधार लाने तथा वन्य पशुओं के अवैध शिकार को रोकने के लिये सरकार क्या कदम उठा रही है ?

पर्यावरण और वन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कमलनाथ) : (क) और (ख) जबकि काजीरंगा में गैंडों की संख्या के जो 1989 में 1250 थी से घटकर 1991 में 1129 रह जाने का पता चला है किन्तु अभयारण्यों और राष्ट्रीय उद्यानों में वन्यजीवों में किसी प्रकार की सामान्य कमी आने के बारे में राज्य सरकारों से कोई सूचनाएं प्राप्त नहीं हुई हैं । तथापि, सभी जीवों की नियमित रूप से गणना नहीं की जाती है । हाथी, बाघ, तेंदुआ, शेर आदि जैसे प्रमुख जीवों के संबंध में उपलब्ध सूचना से पता चलता है कि सुरक्षित क्षेत्रों में उनकी संख्या में वृद्धि हुई है ।

(ग) जीवों के चोरी-छिपे शिकार को रोकने तथा उनकी स्थिति में और सुधार लाने के लिये सरकार द्वारा किये गये उपाय निम्नलिखित हैं:–

1. चोरी-छिपे शिकार विरोधी आधारभूत ढांचे को मजबूत बनाने के लिये राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को केन्द्रीय सहायता प्रदान की जाती है । अब यह स्कीम राज्य-क्षेत्र में भी शुरू की गई है ।

2. बाघों, गैंडों, हाथियों की सुरक्षा और संरक्षण के लिये विशेष स्कीमें कार्यान्वित की गई हैं ।

3. चोरी-छिपे शिकार करने वालों को पकडने के लिये पुलिस, सशस्त्र तट रक्षकों आदि का भी सहयोग लिया जाता है ।

4. कुछ मामलों को छोड़कर अनुसूचित जीवों के शिकार पर कानून द्वारा प्रतिबंध लगाया गया है ।

5. उन क्षेत्रों में पाये जाने वाले वन्यजीवों की अत्यधिक सुरक्षा के लिये राष्ट्रीय उद्यानों, अभयारण्यों, जीवमंडल रिजर्वों जैसे सुरक्षित क्षेत्रों में एक नेटवर्क विकसित किया गया है ।

Sanitation Problems in Delhi Zoo

2657. SHRI KAMAL MORARKA: Will the Minister of ENVIRONMENT AND FORESTS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that Delhi Zoo is facing a grave threat from sanitation problems due to which two priceless species of Rhinos died recently;

(b) how the un-hygienic conditions have been prevailing in the zoo; and

(c) the steps Government propose to take to create a clean and hygienic surroundings in the zoo?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF ENVIRONMENT AND FORESTS (SHRI KAMAL NATH): (a) No. Sir. The recent death of two African rhinos in Delhi Zoo is not attributable to poor sanitary conditions.

(b) Does not arise.

(c) Delhi Zoo has a well equipped sanitation section headed by a Sanitary Inspector. It maintains the required standard of hygienic conditions n the zoo.